प्रेस नोट　　　पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद　　　दिनांक 18.06.2024

थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी 01 अदद चैन पीली धातु, लूटे गये 2700 रुपये, 02 अदद तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद मोटर साईकिल स्पलैण्डर बरामद।

आज दिनाँक 18.06.2024 को थाना मुरादनगर पुलिस को मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो लूटेरे टेलीफोन एक्सचेंज मुरादनगर से शहजादपुर की ओर जाने वाले बम्बा की पटरी वाले रास्ते रेगूलेटर की तरफ जा रहे है। उनके पास अवैध असलाह भी है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा शहजादपुर चौराहा बम्बा पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी कि तभी टेलीफोन एक्सचेंज मुरादनगर से शहजादपुर की ओर आने वाले बम्बा की पटरी वाले मार्ग की ओर से एक मोटर साईकल पर सवार दो युवक आते दिखाये दिये जिन्हें देखते ही मुखबिर ने बताया कि यही वह दोनों लुटेरे है। इतना बताकर मुखबिर मौके से चला गया। उसके पश्चात थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा दोनों मोटर साइकिल सवार युवको को टार्च की रोशनी लगाकर रूकने का इशारा किया गया तो वे पुलिस को देखकर मोटर साइकिल भगाने लगे तभी उनकी मोटर साईकिल हड़बड़ाहट में फिसलकर गिर गई, पुलिस पार्टी ने इनका पीछा किया तो इन्होंने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी पुलिस टीम द्वारा भी अपने आत्म रक्षार्थ फायर किया गया जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए, बदमाश द्वारा की गयी फायरिंग में एक उपनिरीक्षक भी घायल हो गये। घायल बदमाश ने मौके पर ही संक्षिप्त पूछताछ में अपना नाम फैसल उम्र 23 वर्ष पुत्र इस्तियाक नि0 कोट मौहल्ला थाना मुरादनगर गाजियाबाद तथा दूसरे ने अपना नाम रिहान उम्र 19 वर्ष पुत्र सगीर अल्वी नि0 मलिक नगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद बताया तथा बताया कि हम दोनो ने अब से करीब एक डेढ माह पहले पाईपलाइन रोड से नगला अटोर की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक स्कूटी सवार महिला से एक चैन व लोकेट छीना था और यह भी बताया था कि लाकेट भागते समय हमसे कही गिर गया है चैन को ईद पर पहनने के लिये अपने पास रख रखी थी तथा यह भी बताया कि कल रात्री में 10-11 बजे के करीब अम्बेडकर पार्क के सामने से दो मोटर साइकिल सवार जो वहाँ पानी पीने के लिये रूके थे इनमे से एक व्यक्ति से मोवाईल फोन व 2000 रूपये व दूसरे से 3000 रूपये हम दोनो व हमारे दो अन्य साथी फैजान व सुहेब ने मिलकर छीने थे। इसके संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0स0 296/24 धारा 392 भादवि व 400/24 धारा 392 भादवि पंजीकृत है। दोनों घायलों अभियुक्तो को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी मुरादनगर भेजा गया तथा अन्य विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

बरामदगी का विवरण-

1-दो अदद तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर

2- लूटी गई एक अदद चैन पीली धातु

3- लूटे गये 2700/- रुपये

3- मोटर साईकिल स्पलैंडर बिना नम्बर

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. फैसल उम्र 23 वर्ष पुत्र इस्तियाक नि0 कोट मौहल्ला थाना मुरादनगर गाजियाबाद
2. रिहान उम्र 19 वर्ष पुत्र सगीर अल्वी नि0 मलिक नगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद

आपराधिक इतिहास अभियुक्त फैसल

1. मु0अ0सं0 326/22 धारा 411,414 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
2. मु0अ0सं0 328/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुरादनगर गाजियाबाद
3. मु0अ0सं0 66/22 धारा 392 भादवि थाना मसूरी गाजियाबाद
4. मु0अ0सं0 185/22 धारा 394 भादवि थाना मसूरी गाजियाबाद
5. मु0अ0सं0 296/24 धारा 392,411 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
6. मु0अ0सं0 400/24 धारा 392,411 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
7. मु0अ0सं0 402/24 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मुरादनगर गाजियाबाद

आपराधिक इतिहास अभियुक्त रिहान

1. मु0अ0सं0 480/23 धारा 392,411 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
2. मु0अ0सं0 296/24 धारा 392,411 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
3. मु0अ0सं0 400/24 धारा 392,411 भादवि थाना मुरादनगर गाजियाबाद
4. मु0अ0सं0 402/24 धारा 307 भादवि 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मुरादनगर गाजियाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना मुरादनगर पुलिस टीम